# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण के साथ आज शुरू हो गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया है। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के तहत गांव में एक सौ पच्चीस दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सरकार के निरंतर प्रयासों से लोगों तक पहुंच रहे सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ के बारे में भी चर्चा की।

**'सबका साथ, सबका विकास' का विजन देश के हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक प्रभाव ला रहा है। वर्ष 2014 की शुरूआत में सिर्फ 25 करोड़ नागरिकों तक ही सोशल सिक्योरिटी की योजनाएं पहुंच पाती थीं। सरकार के प्रयासों ने निरंतता की वजह से आज करीब 95 करोड़ भारतीयों को सोशल सिक्योरिटी का अवार्ड मिला है।**

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ दुनिया में भारत का कड़ा रूख पेश किया है।

**ऑपरेशन सिन्दूर से विश्व में भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा है। हमारे देश ने अपने संसाधनों के बल पर आंतकियों के अड्डे को ध्वस्त कर दिया है। सरकार ने कड़ा संदेश दिया है कि भारत किसी भी आंतकी हमले का जवाब दृढ़ और निर्णायक होगा।**

राष्ट्रपति ने कहा कि दो हजार पचीस में भारत का रक्षा उत्पादन पन्द्रह लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में दो हजार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों को बत्तीस लाख नए घर मिले हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में पचीस करोड़ नागरिकों को गरीबी से बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि सरकार की सुदृढ़ नीतियों और पहलों के कारण देश में कृषि उत्पादन में तीव्र वृद्धि हुई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज 'सिद्धार्थनगर महोत्सव दो हजार छब्बीस' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग एक हजार बावन करोड़ लागत की दो सौ उन्तीस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। श्री योगी ने कहा कि गरीब, महिला, युवा और अन्नदाताओं का उत्थान ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहचान है।

**********

सरकार ने नियामक बोझ कम करने और व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए नए औषधि और नैदानिक परीक्षण– एन.डी.सी.टी. नियम, दो हजार उन्नीस में महत्वपूर्ण संशोधन अधिसूचित किए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि इनका उद्देश्य नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाना, अनुमोदन की समय सीमा को कम करना और देश में नैदानिक अनुसंधान तथा औषधि विकास को गति प्रदान करना है।

**********

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच–प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–2 के चकेरी से प्रयागराज खंड के 6–लेन सड़क निर्माण को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग–2 और अब राजमार्ग–19 के चकेली इलाहाबाद खंड को छह लेन का बनाना भारत के सबसे महत्वपूर्ण परिवहन मार्गों से एक दिल्ली–कोलकाता स्वर्णिम चर्तुभुज को उन्नत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लगभग एक सौ 45 किलोमीटर का यह राजमार्ग उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर, फतेहपुर और कोशांबी जिलों से होकर गुजरती है और कानपुर और प्रयागराज जैसे प्रमुख औद्योगिक, व्यापारिक और तीर्थ स्थलों को जोड़ती है। इस परियोजना को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने प्रायोजित किया था और इसे मार्च 2017 में मंजूरी मिली। जुलाई 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में प्रगति मंच के तहत इसकी समीक्षा की गई। इस बैठक में समस्याओं और समाधान के लिए स्पष्ट और समयबद्ध तरीके से निर्देश दिए गए। बाधाओं के दूर होने के बाद निर्माण कार्य पूरे मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ा और अंततरू यह परियोजना अगस्त 2024 में सफलता पूर्वक पूरी कर ली गई । अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

महाराष्ट्र के बारामती में आज हुए एक विमान हादसे में वहां के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सहित पांच लोगो का निधन हो गया। मृतकों में जौनपुर की रहने वाली फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली भी शामिल हैं। विमान हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो करेगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फणनवीस और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजित पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

श्री योगी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण विमान हदसे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार एवं अन्य सदस्यों का निधन अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है।

**********

गोरखपुर सहित आसपास के कई पूर्वी जिलों में आज सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस अंचल में कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी तो कुछ स्थानों पर बारिश होने से दिन में फिर से ठंड का एहसास होने लगा है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश में कल कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**********